
# पूर्ण चंद्र ग्रहण और 'ब्लड मून'

स्रोत: TH

**7, सितंबर 2025** की रात को एक **पूर्ण चंद्रग्रहण** होने वाला है। इस दौरान चंद्रमा पूरी तरह पृथ्वी की छाया से ढक जाएगा और ताँबे के रंग का लाल रंग (ब्लड मून) दिखाई देगा।


## पूर्ण चंद्र ग्रहण

- **परिचय:** पूर्ण चंद्रग्रहण तब होता है जब चंद्रमा पूरी तरह से पृथ्वी की **गहन छाया (उम्ब्रा)** से होकर गुजरता है। इस समय पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा एक सीध में आ जाते हैं, जिससे सूर्य का प्रत्यक्ष प्रकाश पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है।




## ब्लड मून

- **ब्लड मून** से तात्पर्य चंद्रमा का लाल या ताँबे जैसा रंग से है और यह केवल पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान ही दिखता है, जो वर्ष में दो से तीन बार होता है।
- पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान, **पृथ्वी सीधे सूर्य के प्रकाश** को चंद्रमा तक पहुँचने से **रोक** देती है।
  - हालाँकि, **सूर्य का प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल** से गुजरता है, जहाँ यह मुड़ता है (अपवर्तन) और बिखरता है।
  - **प्रकाश की नीली तरंगदैर्घ्य** बिखर जाती है, जबकि **लाल और नारंगी तरंगदैर्घ्य** गुजरकर चंद्रमा की सतह पर पहुँचती हैं।
  - इससे चंद्रमा को इसका **विशिष्ट गहरा लाल या लाल-नारंगी रंग** प्राप्त होता है।




और पढ़ें: [ग्रहण के प्रकार]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/total-lunar-eclipse-and-blood-moon